रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 56] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 28, 2001/फाल्गुन 9, 1922
No. 56] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 28, 2001/PHALGUNA 9, 1922

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2001

समापन आदेश

विषय :—यूएसए, सिंगापुर और नीदरलैंड से आइसो-प्रोपाइल एलकोहल के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच

सं. 12/1/2000-डीजीएडी.—1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 तथा सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन तथा संग्रहण और क्षति निर्धारण) नियम 1995 को ध्यान में रखते हुए :

(क) **प्रक्रिया**

2. जांच के संबंध में निम्नलिखित क्रियाविधि अपनाई गई है:—

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे इसके बाद प्राधिकारी कहा गया है) को नियमों के अंतर्गत मै. नेशनल आर्गेनिक कैमिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मै. नोसिल), की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें यू एस ए, सिंगापुर और नीदरलैंड (जिन्हें इसके बाद संबद्ध देश कहा गया है), के मूल के अथवा वहां से निर्यातित आइसोप्रोपाइल के पाटन का आरोप लगाया गया है ।

(ii) प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण के आधार पर संबद्ध देशों से आइसोप्रोपाइल एलकोहल के आयातों के खिलाफ जांच शुरु करने का निर्णय लिया । प्राधिकारी ने उक्त नियमों के उप-नियम 5(5) के अनुसार जांच की कार्रवाई शुरु करने से पहले पाटन के आरोप की प्राप्ति के विषय में संबद्ध देशों के दूतावासों को सूचित किया ।

(iii) प्राधिकारी ने 12 जून, 2000 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया, जिसके द्वारा संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित आइसोप्रोपाइल एलकोहल, जो सीमाशुल्क टैरिफ, अधिनियम 1975 की अनुसूची- I उपशीर्ष 2905-1201 के अंतर्गत वर्गीकृत है, के आयातों के संबंध में जांच शुरु की गई ।

(iv) प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की प्रति ज्ञात सभी नियातकों (जिनका विवरण याचिकाकर्त्ताओं द्वारा उपलब्ध करवाया गया था) और उद्योग संगठनों को भेजी और नियम 6(2) के अनुसार उन्हें लिखित रुप में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर दिया ।

(v) प्राधिकारी ने भारत में आइसो प्रोपाइल एलकोहल के ज्ञात सभी आयातकों को सार्वजनिक सूचना की प्रति भेजी और उन्हें सलाह दी कि पत्र मिलने के चालीस दिनों के भीतर लिखित में अपने दृष्टिकोण से अवगत कराएं ।

(vi) केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीईसी) से भी अनुरोध किया गया कि जांच की अवधि सहित पिछले 3 वर्षों के दौरान भारत में किए गए आइसो प्रोपाइल एलकोहल के आयातों के ब्यौरे प्रस्तुत करें ।

(vii) प्राधिकारी ने उक्त नियम 6(3) के अनुसार याचिका के अगोपनीय अंश की प्रति संबद्ध देशों के ज्ञात निर्यातकों और दूतावासों को उपलब्ध कराई ;

(viii) प्राधिकारी ने नियम 6(4) के अनुसार संगत जानकारी प्राप्त करने के लिए याचिकाकर्त्ता द्वारा यथा इंगित यूएसए, सिंगापुर और नीदरलैंड के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी;

यूएसए

- मै0 एक्सोन कैमिकल कंपनी

ह्यौस्टन, यूएसए

सिंगापुर

- मै0 शैल ईस्टर्न कैमिकल्स (सिंगापुर)

नीदरलैंड

- मै0 शैल नेडरलैंड कैमी बीवी आफ नीदरलैंडस

(ix)प्रश्नावली का उत्तर मै0 एक्सोन, यूएसए, मै0 शैल नेडरलैंड कैमी बी.बी. नीदरलैंड, शैल इंडिया प्रा0 लि0, इंडिया और मै0 शैल ईस्टर्न कैमिकल्स(एस) सिंगापुर से प्राप्त हुआ था । अन्य किसी निर्यातक द्वारा प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया गया ।

(x) संबद्ध देशों के नई दिल्ली स्थित दूतावासों को नियम 6(2) के अनुसार जांच शुरु करने के बारे में इस अनुरोध के साथ सूचित किया गया कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए कहें । निर्यातकों को भेज गए पत्र,

अगोपनीय याचिका और प्रश्नावली की प्रति ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की सूची सहित दूतावासों को भी भेजी गई थी ;

(xi) नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में आइसोप्रोपाइल एलकोहल के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/थोक डीलरों को प्रश्नावली भेजी गई थी:

- मै0 एल्काइल एमिन्स कैमिकल्स लि0, मुम्बई
- मै0 आरती ड्रग्स लि0, मुम्बई
- मै0 कोट्स ऑफ इंडिया लि0, मुम्बई
- मै0 फिनोलेक्स एसेक्स, गोवा
- लुब्रिजोन इंडिया लि0, मुम्बई
- आइ पी सी ए लेबोरेटरीज लि0, मुम्बई
- कोपरान ड्रग्स लि0, मुम्बई
- थेमिस कैमिकल्स लि0, मुम्बई
- गुडलास नेरोलैक पेन्टस लि0, मुम्बई
- हिन्दुस्तान इनसेक्टिसाइडस लि0, नई दिल्ली
- रेनबैक्सी लेबोरेटरीज लि0, नई दिल्ली
- आइ सी आइ नाइट्रोसेलुलोस बेजनेस, गुडगांव
- अरविन्दो फार्मा लि0, हैदराबाद
- कैमिनोर ड्रग्स लि0, हैदराबाद

- डा0 रेड्डीज लेबोरेटरीज, हैदराबाद
- मै0 हेटेरो ड्रग्स लि0, मेडक
- मै0 प्रभु इंक्स पोडानुर
- मै0 सुदर्शन ड्रग्स यलि0, हैदराबाद
- शासुन कैमिकल्स एण्ड ड्रग्स लि0, मद्रास
- मै0 दौराला आर्गेनिक्स लि0

तथापि आइ पी ए के निम्नलिखित आयातकों द्वारा उत्तर दायर किया गया था:

- मै0 एलकाइल एमिन्स कैमिकल्स लि0, मुम्बई
- मै0 शासुन कैमिकल्स एण्ड ड्रग्स लि0, चेन्नई
- मै0 दौराला आगेनिक्स

(xii) क्षति के संबंध में याचिकाकर्त्ता से अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी वह भी प्राप्त हो गई थी ;

(xiii) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश को प्राधिकारी द्वारा रखी गई सार्वजनिक फाइल के रुप में उपलब्ध रखा और उसे हितबद्ध पार्टियों द्वारा निरीक्षण के लिए खुला रखा ;

(xiv) **** यह चिह्न इस अधिसूचना में किसी याचिकाकर्त्ता द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना को प्रदर्शित करता है और प्राधिकारी द्वारा उसे नियमों के तहेत ऐसा ही माना गया है ।

(xv) यह जांच 1 जनवरी, 1999 से 31 दिसम्बर, 1999 तक की अवधि के लिए की गई थी ।

ख. **घरेलू उद्योग की स्थिति पर उठाया गया मुद्दा**

3. मै0 एक्सोर केमिकल इन्टरनेशनल सर्विस लि0, हांगकांग(ईसीआईएस) तथा एक्शन मोबिल केमिकल कं0, (ईएमसीसी) के विचार

(i) मामले को शुरु करने के बाद मै0 एक्सोन कैमिकल्स लि0 ने एक मुख्य मुद्दा उठाया कि घरेलू उद्योग मै0 नोसिल का एक निर्यातक मै0 शैल के साथ संबंध है क्योंकि उन्होंने काफी समय पहले 1998 में अलग होने के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे । मै0 एक्सोन ने आगे बताया है कि पाटनरोधी नियमों की धारा 2 (ख) के अनुसार मै0 नोसिल 'घरेलू उद्योग' की परिभाषा के अंतर्गत घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं माना जाए और इस प्रकार याचिका को रद्द कर देना चाहिए और जांच की कार्यवाही समाप्त कर देनी चाहिए । मै0 एक्सोन द्वारा उठाए गए मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैं : -

- मै0 शैल अपने पैट्रो कैमिकल व्यापार के लिए मै0 नोसिल के साथ 49 % इक्विटी रखकर साझेदारी पर सहमत हुआ है जिसमें जांच के अंतर्गत उत्पाद का विनिर्माण भी शामिल है ;
- मै0 नोसिल और मै0 शैल ने 1998 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे ।
- मै0 नोसिल के बोर्ड ने प्रबंधन की एक योजना का अनुमोदन किया है जिसके फलस्वरुप कंपनी को तीन भागों में बांटा जाना है । कंपनी के पैट्रोकैमिकल और पोलीमर प्रभागों से संबंधित सभी परिसंपतियां और देनदारियां बंट जाएंगी और एक चालू फर्म मै0 नोसिल पैट्रोकैमिकल्स लि0 (एनपीएल) में निहित हो जाएंगी जबकि रबड कैमिकल्स प्रभाग से संबंधित परिसम्पतियां तथा देनदारियां भी बंट जाएंगी और वे एक चालू फर्म पोलिओलिकिल रबड़ कैमिकल्स लि0 (पीआरसीएल) में निहित हो जाएंगी । प्लास्टिक उत्पाद प्रभाग सहायक कंपनियों के साथ और कुछ निवेश मै0 नोसिल के साथ बने रहेंगे, जिसकी प्रदत्त इक्विटी पूंजी तदनुरुप घटाई जाएगी ।

- मै0 नोसिल द्वारा जांच अवधि के दौरान कार्यबल और प्रबंधन में कमी करने के मै0 शैल के निवेदन को पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं ।
- जांच अवधि के दौरान पैटोकैमिकल इकाई को बांटने की योजना पर अनुमोदन प्राप्त करने के लिए कदम उठाए गए हैं ।
- मै0 शैल के प्रबंधकों की एक टीम समझौता ज्ञापन और इसकी परियोजना के कार्यप्रणाली को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है ।
- याचिकाकर्त्ता ने वर्तमान याचिका मै0 शैल कैमिकल्स लि0 के अनुरोध पर दायर की है ताकि आइ पी ए के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया जा सके और मै0 एक्सोन को भारतीय बाजार से बाहर किया जा सके ।
- याचिकाकर्त्ता ने पाटनरोधी शुल्क का फायदा लेने के लिए प्राधिकारी के समक्ष जानबूझकर वास्तविक तथ्य छिपाए हैं ।
- मै0 नोसिल ने उपरोक्त स्कीम के अनुमोदन के लिए मुंबई उच्च न्यायालय में आवेदन दायर किया है ।
- मे0 नोसिल ने फायदा लेने के लिए याचिका दायर करते समय उक्त समझौता ज्ञापन के तथ्यों को जानबूझकर छिपाया ।

ii) चूंकि यह मामला बहुत संवेदनशील था इसलिए मै0 एक्सोन द्वारा उठाए गए संबंधों के मुद्दे पर ही विचार करने के लिए सभी हितबद्ध पक्षों के साथ 25 अगस्त, 2000 को एक मौखिक सुनवाई आयोजित की गई । याचिकाकर्त्ता के प्रतिनिधि और निर्यातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षों ने मौखिक सुनवाई में भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए तथा बाद में प्रत्युत्तर भेजे । प्राधिकारी ने

याचिकाकर्त्ता के साथ-साथ निर्यातकों से अपने विचारों और प्रत्युत्तरों को प्रमाणित करने के लिए आगे और स्पस्टीकरण/साक्ष्य मांगे हैं । मै0 एक्सोन ने निदेशालय को अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत कर दी है । याचिकाकर्त्ता और मै0 शैल नेडरलैंड ने प्राधिकारी के समक्ष संगत कागजात प्रस्तुत नहीं किए। याचिकाकर्त्ता को दिनांक 04.10.2000 को पत्र जारी किया गया था और बाद में दिनांक 24.10.2000, 17.11.2000, 23.11.2000 और 24.11.2000 को अनुस्मारक भेजे गए थे । जिनमें 28 नवम्बर, 2000 तक सभी संगत कागजात प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था ।

iii) मै0 नोसिल ने दिनांक 03.11.00 के अपने पत्र द्वारा प्राधिकारी द्वारा मांगे गए केवल कुछ ही कागजात उपलब्ध कराए हैं और उन्होंने अलग होने की स्कीम के अनुमोदन के लिए मुंबई उच्च न्यायालय में दायर की गई अलग होने से संबंधित याचिका की प्रति उपलब्ध नहीं कराई है । यह दस्तावेज इस निर्णय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि क्या याचिकाकर्त्ता निर्यातक से संबंधित है अथवा नहीं । बार-बार मौखिक एवं लिखित अनुरोध करने के बावजूद मै0 नोसिल ने उक्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया । याचिकाकर्त्ता को एक अन्तिम अवसर दिया गया जिसमें अपूर्ण सूचना/कागजातों प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ दिनांक 3 नवम्बर, 2000 के उनके उस पत्र पर टिप्पणी प्रस्तुत करने का भी मौका दिया गयाक जिसमें उसने बताया था कि आज की स्थिति के अनुसार समझौता ज्ञापन समाप्त हो गया है और यह आज प्रभावी नहीं है । इस प्रकार मै0 शैल और मै0 नोसिल के बीच आरोपित संबंध जोकि अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रकाश में लाया गया था, असंगत है और स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है । मै0 नोसिल ने उपरोक्त पत्र के साथ पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई है जो कि प्राधिकारी ने अपने पहले के पत्रों/अनुस्मारकों के द्वारा मांगी थी ।

उपरोक्त घटनाक्रम और मै0 एक्सोन, द्वारा प्रस्तुत कि गई सूचना को देखते हुए मै0 नोसिल को इस आशय का एक शपथपत्र प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी कि 30 सितम्बर 1998 का समझौता ज्ञापन अब अस्तित्व में नहीं है ।

iv) प्राधिकारी ने याचिकाकर्त्ता को उनके दिनांक 3 नवम्बर, 2000 के पत्र में दिए गए उनके विवरण को देखते हुए सभी कागजात/सूचना दायर करने की सलाह दी थी, जो याचिकाकर्त्ता के संबंधों के मामले में किसी निष्कर्ष पर पंहुचने के लिए बहुत निर्णायक थे । इसके अलावा प्राधिकारी ने मै0 नोसिल को इस आशय का एक शपथपत्र दायर करने की सलाह दी कि हिस्सेदारी का कोई करार नहीं किया गया है और इस प्रकार का कोई समझौता ज्ञापन आज अस्तित्व में नहीं है ।

v) मै0 नोसिल- दिनांक 24.11.2000 के अपने पत्र द्वारा अतिरिक्त सूचना देने में असफल रहा जो कि प्राधिकारी ने अपने पूर्ववर्ती पत्रों/अनुस्मारकों के द्वारा मांगी थी । तथापि, मै0 नोसिल ने एक बार फिर दोहराया कि प्राधिकारी द्वारा कोई दस्तावेज नहीं मांग गए थे और उक्त समझौता ज्ञापन के संबंध में हमारी कंपनी द्वारा उठाए गए कदम प्राधिकारी द्वारा की जा रही वर्तमान जांच की संगतता में हैं ।

vi) मै0 नोसिल ने आगे बताया है कि उक्त समझौता ज्ञापन, बोर्ड आफ डायरेक्टर और कंपनी के शेयर धारकों के साथ-साथ बम्बई उच्च न्यायालय में कंपनी द्वारा दायर याचिका, सभी पैट्रोकैमिकल विजनेस के विस्तार और भविष्य के निर्माण से संबंधित हैं और आज से 4-5 वर्षों से पहले इस कार्य के सम्पन्न होने की संभावना नहीं है । उन्होंने यह भी बताया है कि यह मामला कंपनी द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा व्यापार के संबंध में राहत चाहने की दृष्टि से कंपनी द्वारा शुरु किया गया था जिसे प्रतिवादियों द्वारा किऐ गए निर्यातों के कारण परेशानी हो रही है और इस

प्रयकार जिन घटनाओं के घटने की संभावना है और जो अनेक पूर्व शर्तों पर आधारित हैं उनका वर्तमान जांच से कोई संबंध नहीं है ।

vii) उन्होंने पुनः अनुरोध किया है कि याचिकाकर्त्ता ने अपने व्यापार का बंटवारा नहीं किया है और वह एकल इकाई के रुप में अपने कार्य को जारी रखे हुए है । उन्होंने यह भी कहा है कि भावी घटनाएं (जो किसी आपातकालीन स्थिति में हो सकती है) इस जांच अवधि में घरेलू उद्योगे की स्थिति तय नहीं कर सकती हैं । आगे यह भी उल्लेख किया गया है कि मै0 शैल ग्रुप की किसी भी कंपनी की मौजूदा कंपनी में कोई हिस्सेदारी नहीं है और न ही उनंका मौजूदा कंपनी के ऊपर प्रबंधकीय नियंत्रण है । जो आइ पी ए के पाटन के कारण नुकसान उठा रही है ।

viii) मै0 नोसिल ने अनुरोध किया है कि प्रतिवादी इस जांच में कतिपय गलत और असंगत तथ्यों को शामिल करके प्राधिकारी को जानबूझकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उन पर लगाए जा रहे पाटनरोधी आदेशों से बचा जा सके ।

ix) अंत में उन्होंने कहा है कि दिनांक 24.11.2000 को उपरोक्त अनुरोध प्रस्तुत करते समय दिनांक 11 सितम्बर 2000 को प्रस्तुत किए गए उनके पत्र में विहित पूर्ववर्ती अनुरोधों के प्रति तथा ऐसे अन्य अनुरोधों के प्रति उनका कोई पूर्वाग्रह नहीं रहा है जो इनमें किए गए अनुरोधों के विपरीत हैं ।

x) याचिकाकर्त्ता के असहयोग को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षों के साथ केवल " संबंधों के मुद्दे" पर आगे एक सुनवाई और आयोजित करने का निर्णय लिया ताकि याचिकाकर्त्ता को अपनी सभी सूचनाएं/अनुरोधों को प्रस्तुत करने का एक अंतिम मौका दिया जा सके। तदनुसार, केवल संबंधों के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए 20 दिसम्बर, 2000 को एक मौखिक

सुनवाई आयोजित की गई थी । मै0 नोसिल (याचिकाकर्त्ता) मै0 एक्सोन कैमिकल्स और मै0 शैल (निर्यातक) ने अपने अनुरोध और प्रत्युत्तर प्रस्तुत किए थे । अनुरोधों और प्रत्युत्तरों की मुख्य-मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

4. **संबंधों के मुद्दे पर मै0 नोसिल (याचिकाकर्त्ता) के विचार**

(i) संदर्भाधीन प्रश्न निर्यातकों की पहचान पर विचार किए बिना कथित तीन देशों से किए गए सभी आयातों के बारे में है, जो स्वयं यह स्थापित करती है कि मै0 नोसिल का मै0 शैल से संबंध नहीं है ।

ii) यह जांच शुरु करने से पहले प्राधिकारी के पास पाटन के बारे में पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य उपलब्ध थे और मै0 एक्सोन इस तथ्य से पूर्ण रुप से अवगत है कि यदि वर्तमान पाटनरोधी जांच की जाती है तो इसका एकमात्र संभव निष्कर्ष भारत को किए गए इसके निर्यातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाना ही हो सकता है । इस प्रकार वे यह कोशिश कर रहे हैं कि वर्तमान पाटनरोधी जांच शुरु में ही समाप्त कर दी जाए ।

iii) प्राधिकारी यदि इस तथ्य से संतुष्ट हैं कि किसी प्रामाणिक स्रोत से प्राप्त सूचना के आधार पर पाटन होने और उससे क्षति होने के बारे में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं तो उन्हें पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(4) के तहत स्वतः जांच शुरु करने के लिए अधिकृत किया गया है । जो व्यक्ति प्राधिकारी के ध्यान में इन तथ्यों को लाता है उसकी पहचान करना कोई महत्वपूर्ण अथवा परिणामी नहीं है इसलिए के रुप में मै0 नोसिल के दावे का मुद्दा पूर्ण रुप से महत्वहीन और अप्रसांगिक हो जाता है ।

मौजूदा मामला वास्तव में स्वतः जॉच शुरू करने के लिए एक काफी ठोस मामला है और इस संबंध में प्राधिकारी के पास पहले से पर्याप्त और विस्तृत सामग्री, तथ्य और आंकड़े हैं । इसलिए, अगर याचिकाकर्त्ता को नियम 2(ख) के अनुसार तकनीकी रूप से किसी विदेशी निर्यातक के साथ् संबद्ध पाया जाता है तो प्राधिकारी अपने विवेकानुसार इस एकक को अब भी घरेलू उद्योग मान सकते हैं ।

(iv) समझौता ज्ञापन में ऐसा कुछ नहीं है जिस पर मै0 नोसिल का नियंत्रण मै0 शैल को देने के बारे में विचार किया जाए । अलग-अलग कम्पनियॉ बन जाने से मै0 सैल का केवल नई कम्पनी पर ही नियंत्रण होगा । उन्होंने अनुरोध किया है कि नियम 2(ख) की परिभाषा के अधीन सम्बन्ध के प्रश्न पर जॉच अवधि के दौरान विद्यमान तथ्यों और परिस्थितियों के संदर्भ में और याचिका को जब प्रस्तुत किया गया था उस के संदर्भ में विचार किया जाना चाहिए न कि उन तथयो और परिस्थितियों के आधार पर जोकि इसके काफी बाद अस्तित्व में आई हैं ।

समझौता ज्ञापन विभिन्न शर्त्तों/पूर्वोदाहरणों के भी अधीन है जिन्हें समझौता ज्ञापन के लागू होने से पहले पूरा किया जाना है । प्रथम और मूल पूर्ववत्ती शर्त्त यह है कि बम्बई उच्च न्यायालय को कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 391 से 394 के तहत प्रबंधन की योजना स्वीकृत करनी चाहिए । इसके अलावा विभिन्न सरकारी/नियामक प्राधिकरणों से कई प्रकार के अनुमोदन/स्वीकृति/राय इत्यादि ली जानी हैं । वर्तमान में इन सभी उल्लिखित पूर्ववर्त्ती शर्त्तों का अभी तक पूरा नहीं किया गया हैं ।

(v) रोयलडच/सैल ग्रुप दोनों कम्पनियों के निदेशक मंडल ने अभी तक अपनी स्वीकृति नहीं दी हैं ।

(vi) समझौता ज्ञापन तकनीकी रूप से 30.9.2000 को समाप्त हो गया है और इस पर वार्ता जारी है । मै0 एक्सोन का आरोप है कि मै0 सैल कम्पनी बम्बई के ऐसे दो कर्मचारी हैं जो कम्पनी को बांटने की योजनाओं के कार्यान्वयन को आसान बनाने में कार्यरत हैं । ये दोनों कर्मचारी सैल में नियुक्त हैं और इनका मै0 नोसिल के प्रबंधन/संचालन पर किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है । वीआरएस के दावे पर मै0 नोसिल ने कहा है कि उक्त वीआरएस मै0 नोसिल द्वारा स्वतः लिया गया एक प्रबंधन निर्णय था और यह निश्चित रूप से न तो किसी तीसरी पार्टी की ओर से और न ही सैल का निर्णय था ।

(vii) इस तथ्य के लिए कि मै0 नोसिल और मै0 सैल आपस में सम्बद्ध नहीं हैं, सर्वोत्तम प्रमाण और स्पष्टतम निर्देशन यह है कि सैल मै0 नोसिल को अपने विरूद्ध पाटनरोधी शिकायत दर्ज करने से रोकने में असमर्थ रहा है और इसके अलावा मै0 नोसिल सिंगापुर की मै0 सैल और निदरलैंड की सैल कम्पनी को वस्तुओं का पाटन करने से रोकने में असमर्थ रहा है जिसके कारण मै0 नोसिल को क्षति हुई है और मै0 नोसिल इन कम्पनियों को शिकायत का विरोध करने से भी नही रोक पाया है ।

(viii) मै0 एक्सोन का यह दावा कि मै0 सैल कानूनी या परिचालनात्मक रूप से मै0 नोसिल पर नियंत्रण या निर्देशन की स्थिति में है, कम्पनी अधिनियम की धारा 291 के तहत

कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के सीधे ही विपरीत है जिसके तहत किसी भारतीय कम्पनी के विनियमन/प्रबंधन/नियंत्रण का अधिकार उसके निदेशक मंडल को होता है । मौजूदा मामले में, मै0 सैल का निदेशक मंडल में किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही उसकी मै0 नोसिल में कोई शेयरधारिता संबंधी रूचि है ।

(ix) मै0 एक्सोन का जो यह वादा है कि मै0 नोसिल ने उक्त समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन के लिए अनेकों कदम उठाए थे यह स्पष्ट रूप से समझ लेना जरूरी है कि मै0 नोसिल ने अपने पेट्रोकेमिकल विभाग को मै0 सैल से अलग करने तथा अपने उक्त् विभाग को नवगठित कम्पनी में शामिल करने हेतु मै0 सैल के साथ करार किया है । उक्त करार की एक पार्टी के रूप में मै0 नोसिल उक्त करार को लागू करने व उसे प्रभावी बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने व कार्रवाई करने के लिए बाध्य था ।

(x) मै0 एक्सोन का यह दावा है कि दिनांक 30.9.98 के उक्त समझौता ज्ञापन को पहले ही कार्यान्वित किया जा चुका था । यह मानना न केवल गलत है अपितु यह समझौता ज्ञापन के विपरीत और उसकी शर्त्तों के अनुसार भी गलत है और प्रबंधन संबंधी योजना भी पूर्ण रूप से यह स्पष्ट करती है कि अनेकों ऐसी पूर्ववत्ती शर्तें हैं जिन्हें योजना को लागू मान लिए जाने से पूर्व अभी पूरा किया जाना है ।

(xi) उपरोक्त इस आशय के मूल अनुरोधों के प्रति बिल्कुल ही पक्षपात किए बिना कि मै0 नोसिल बैकल्पिक रूप में और शिकायतकर्त्ता के रूप में मै0 सैल से संबंधित नहीं है, यह निवेदन है कि यदि नोसिल को वास्तव में मै0 सैल से संबंधित माना जाता है तो मै0 नोसिल को घरेलू उद्योग से अलग करने के लिए कोई औचित्य अथवा न्यायसंगत नहीं होगा क्योंकि नियमों में संशोधन किया जा चुका है । याचिकाकर्त्ता ने अपनी टिप्पणियों के साथ पाटनरोधी कानूनों के कतिपय कानूनी अंश भी उद्धत किए हैं ।

(xii) मै0 एक्सोन के वकील ने कहा कि सुनवाई के दौरान उल्लेख किए गए सभी उद्धरण एवं निर्णय केवल ऐसे मामले पर लागू होते हैं जिसमें घरेलू उद्योग में अनेक एकक हैं । वास्तव में ये सभी निर्णय केवल इस मान्यता पर आधारित हैं कि क्या किसी "संबद्ध पार्टी" की मौजूदगी से पाटनरोधी जांच में किसी प्रकार से बाधा आती है या नहीं और यह इस बात पर किसी रूप से निर्भर नहीं है कि घरेलू उद्योग में एक इकाई शामिल हैं अथवा एक से अधिक ।

(xiii) विभिन्न निर्णय यह दर्शाते हैं कि जिन मामलों में पाटन हुआ हो और कुछ क्षति हुई हो उन मामलों में हमेशा तय सिद्धांतों का अनुपालन किया गया है और "संबद्ध प्राधिकारी" ने कभी भी केवल इस तकनीकी आधार पर जॉच को बंद नहीं किया है कि शिकायतकर्त्ता या याचिकाकर्त्ता पाटित वस्तुओं के विदेशी निर्यातक या आयातक से संबंद्ध है । इसके विपरीत जिस सिद्धांत का इन सभी मामलों में निरंतर पालन किया जाता रहा है वह यह है कि पाटनरोधी जाच में किसी भी मुद्दे को बाधक नहीं बनने दिया जाय जिसे आवश्यक समझा जाता है ।

(xiv) अगर "सम्बन्धों" के आधार पर वर्तमान जाँच को इस समय समाप्त कर दिया जाता है तो मै0 सैल और मै0 एक्सोन दोनों भारत में अपनी वस्तुओं का पाटन जारी रखेंगे जिससे

भारतीय उद्योग को बड़े पैमाने पर और नियमित रूप से क्षति होगी । इसके अलावा माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा दिए गए ऐसे किसी जाँच परिणामों के विरूद्ध मै0 नोसिल के लिए अपील करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी ।

(xv) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर मै0 नोसिल और मै0 सैल, यूके द्वारा किए गए हैं । सिंगापुर के सैल और निदरलैंड के सैल जिन्होंने भारत को आईपीए का निर्यात किया है उक्त समझौता ज्ञापन में पार्टी नहीं हैं । यह तथ्य कि सिंगापुर के सैल और निदरलैंड के सैल एक ही निगम ग्रुप के अंग माने जाएं, असंगत और अवास्तविक है और अगर इस संबंध में यह सही है तो "सम्बन्धों" की मौजूदगी के निर्धारण के लिए कानूनी नियम पूर्ण रूप से अलग नहीं हो सकते हैं । नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग और पाटित वस्तुओं के निर्यातक के बीच एक सम्बन्ध होना जरूरी है ।

(xvi) नियम 2(ख) में ऐसा कुछ नहीं है जिससे यह निष्कर्ष निकलता हो कि जहाँ कोई विदेशी निर्यातक किसी निगम समूह का है तो भारतीय उद्योग और केवल ऐसी कम्पनियों के बीच सीधा सम्बंध कायम किया जा सके जो निगम ग्रुप की अंग है । इसके अलावा यह हल्दोर टॉपशू के मामले में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित किए गए उन सिद्धांतों के विपरीत होगा कि "पाटनरोधी शुल्क लेवी निर्यातक विशेष से संबद्ध होती है और इसे ऐसे प्रत्येक निर्यातक द्वारा निर्यातित वस्तुओं पर अलग-अलग लगाना होता है जो भारत में वस्तुओं का पाटन करते हुए पाए जाते हैं" ।

(xvii) मै0 नोसिल ने आगे यह अनुरोध किया है कि अगर भविष्य मे मै0 सैल और मै0 नोसिल के बीच कोई सम्बन्ध बनता है तो उस स्थिति में इसका प्रभावी रूप से समाधान किया जा सकता है और इस पर नियम 23 में उल्लिखित समीक्षा के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा सकती है ।

तदनुसार, मै0 नोसिल ने अनुरोध किया है कि मै0 एक्सोन की काफी तकनीकी आरंभिक आपत्ति को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह केवल मौजूदा पाटनरोधी जॉच को विफल व खत्म करने के लिए हैं जिससे मै0 एक्सोन गुणदोष के आधार पर सामना नहीं करने के लिए कृतसंकल्प हैं ।

(5) मै0 सेल निदरलैंड कैमी. बी.वी., सैल इंडिया प्रा. लि. और सैल ईस्टर्न कैमिकल्स का संयुक्त अभ्यावेदन

(i) एसईसी (एस), सैल ईस्टर्न ट्रेडिंग प्रा. लि. (जो 1996 से भारत को आईपीए का निर्यात करने वाली एकमात्र कम्पनी है) का एक प्रभाग सहित प्रतिवादियों में से कोई भी मै. नोसिल के साथ प्रस्तावित परियोजना में समझौता ज्ञापन/वार्ताओं में किसी भी समय पार्टी नहीं थे और/या नहीं हैं और न ही उन्होंने मै0 नोसिल का तथाकथित रूप से या कभी किसी प्रकार का इक्विटी धारक बनने पर सहमति व्यक्त की थी ।

(ii) तथापि प्रतिवादी ने इक्विटी के संबंध में सूचित किया है कि उक्त समझौता ज्ञापन दिनांक 1 अक्तूबर, 2000 को समाप्त हो गया है और उत्तरदाता की जानकारी में संबद्ध पार्टियों के बीच कोई और समझौता ज्ञापन न तो किया गया है और/या न मौजूद है ।

(iii) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर मै0 सैल कैमिकल लि. और मै0 नोसिल के बीच किए गए हैं जो वर्तमान याचिका में प्रतिवादी नहीं है । प्रतिवादियों में से किसी के पास और एससीएल की पूँजी में कोई हिस्सा नहीं है और एससीएल न तो प्रतिवादी की सहायक और/या स्वामित्ववाली कम्पनी है और न ही एससीएल ने भारत को आईपीए का निर्यात किया है । इस प्रकार , एससीए और प्रतिवादी के बीच किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है ।

(iv) प्रतिवादी ने इस आरोप का जोरदार खण्डन किया है कि वर्तमान याचिका मै0 नोसिल द्वारा प्रतिवादी के अनुरोध पर दायर की गई है । इसको भी विशेष रूप से अस्वीकार कर दिया गया है कि प्रतिवादी की ओर से पाटनरोधी नियमों की प्रक्रिया का किसी प्रकार का लाभ लेने का कोई प्रयास किया गया है जैसाकि मै0 एक्सोन ने आरोप लगाया है ।

(v) प्रतिवादियों ने मै0 एक्सोन के इस आरोप को एक बार फिर अस्वीकार कर दिया है कि अगर वर्तमान याचिका की पुष्टि की जाती है तो इसका सीधा परिणाम यह होगा कि इससे भारतीय बाजार में प्रतिवादी के लिए कथित रूप से निरंकुशता का एक क्षेत्र बन जाएगा । प्रतिवादी ने यहाँ पुनः दुहराया है कि अगर मै0 नोसिल द्वारा दायर वर्तमान याचिका की पुष्टि हो जाती है तो शुल्क प्रतिवादी पर भी लगाया जा सकता है जो कि वर्तमान याचिका की एक पार्टी है । इस प्रकार, मै0 एक्सोन द्वारा अपने अनुरोधों में पूर्व में किए गए दोषारोपण पूर्णतः असत्य, आधारहीन और बिना किसी साक्ष्य के हैं ।

(vi) इसमें यह कहा गया है कि मै0 नोसिल के साथ प्रतिवादियों का संबंध नहीं है जैसाकि आरोप लगाया गया है । प्रगतिवादियों ने कहा है कि मै0 सैल कैमिकल लि., सिंगापुर के नाम से भारत को आईपीए के निर्यात किए जाने का कोई प्रमाण नहीं है जैसाकि आरोप लगाया गया है । जैसाकि उल्लेख किया गया है, केवल एसईसी (एस) ही 1996 से सिंगापुर से भारत में आईपीए का निर्यात कर रहा है ।

उपरोक्त परिस्थिति में, प्रतिवादियों ने एक बार फिर आदरपूर्वक अनुरोध किया है और कहा है कि मै0 नोसिल और याचिका के उत्तरदाता के बीच कोई कथित सम्बन्ध नहीं है ।

6. मै0 एक्सोन कैमिकल इंटरनेशनल सर्विसेज लि., हांगकांग (ईसीआईएस) और मै0 एक्सोन मोबाइल कैमिकल कम्पनी (ईएमसीसी) का सम्मिलित अनुरोध

(i) याचिकाकर्त्ता सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 की धारा 2(ख) के अन्तर्गत यथापरिभाषित 'घरेलू उद्योग) ' नहीं है क्योंकि शिकायत में उल्लेख किए गए निर्यातक से उसके संबंध हैं तथा वह स्वयं 1993-94 तक कथित उत्पाद का आयात कर रहा था ।

(ii) याचिकाकर्त्ता की स्थिति वर्तमान याचिका दर्ज करने/चालू रखने की नहीं है । घरेलू उद्योग की परिभाषा के अनुसार पाटनरोधी जॉच के लिए कोई आवेदन केवल घरेलू उद्योग द्वारा या घरेलू उद्योग की और से किया जा सकता है जो स्वयं कथित उत्पाद का एक आयातक नहीं है और उसका किसी निर्यातक या आयातक से कोई संबंध नहीं है/हैं । इसके अलावा घरेलू उद्योग की ओर से याचिका दर्ज करने के आधार कर निर्धारण शुरू में ही किया जाता है जैसाकि प्राधिकारी ने चीन से मेटालर्जिकल कोक के मामले में इस बारे में निर्णय दिया है ।

(iii) धारा 2(ख) के साथ पटित नियम 5(i) और पाटनरोधी नियमों के प्रावधानों के अनुसार यह बिल्कुल साफ है कि याचिका केवल घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से दर्ज की जा सकती है । वर्तमान मामले में यह पूर्णतया स्पष्ट है कि याचिकाकर्त्ता आरंभिक शर्त के अनुसार वर्तमान याचिका दर्ज करने की स्थिति में स्वयं नहीं था क्योंकि वह घरेलू उद्योग के दायरे के भीतर नहीं आता था ।

(iv) याचिकाकर्त्ता (मै0 नोसिल) भारत में आई पी ए का एकमात्र उत्पादक है ।

(v) याचिकाकर्त्ता के दिनांक 30 सितम्बर, 1998 की स्थिति के अनुसार व्यापार के अनेक क्षेत्र जैसेकि पेट्रोरसायन, रबड़, पीवीसी इत्यादि हैं । याचिकाकर्त्ता, मफतलाल ग्रुप और मै0 सैल कैमिकल लि. (यहॉ निर्यातक) के बीच एक संयुक्त उद्यम-कम्पनी बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसमें प्रतिवादी की इक्विटी 49% होगी ।

(vi) समझौता ज्ञापन और उस पर कार्यान्वयन के बाद मै. नोसिल के निदेशक मंडल ने एक व्यवस्था/अलगाव की योजना स्वीकृत की है जिसके तहत मै. नोसिल के पैट्रोरसायन और पॉलीमर विभाग को अलग किया जाएगा और एक चालू कम्पनी मै. नोसिल पैट्रोरसायन लि. के रूप में रखा जाएगा जिसमें प्रतिवादी के पास 49% इक्विटी धारिता होगी । योजना में यह भी व्यवस्था है कि रबड़ रसायन व्यापार को पृथक किया जाएगा और उसे एक चालू संस्था पोलयोनेफिन्स रबड़ रसायन लि. के रूप में रखा जाएगा और प्लास्टिक उत्पाद विभाग को सहायक कम्पनियों और कुछ निविष्टियों के साथ मै. नोसिल के साथ रखा जाएगा और मै. नोसिल की प्रदत्त पूँजी तदनुसार कम हो जाएगी।

(vii) मै. नोसिल ने शेयर धारियों की बैठक आयोजित करने के लिए दिशानिर्देश देने के लिए बम्बई उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की है । उक्त योजना को शेयर धारकों की स्वीकृति मिल गई प्रतीत होती है और इस योजना की पुष्टि के लिए याचिका बम्बई उच्च न्यायालय में स्वीकृति के लिए लंबित है ।

(viii) समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन मे प्रतिवादी ने मै. नोसिल में कमचारियों की संख्या में कटौती करने की मांग की है और परिणामस्वरूप मै. नोसिल ने दो वीआरएस योजनाएँ चलाई थी ।

(ix) समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन के लिए मै0 नोसिल और मै0 सैल के वरिष्ठ प्रबंधकों को शामिल करके एक संयुक्त दल बनाया गया है जो परियोजना को पुरा करेगा और संयंत्र को पुनः चालू करेगा । मै0 सैल का दल थाणे में स्थित एकक के नजदीक संयंत्र के परिसर में कार्य कर रहा है और निवासी परियोजना निदेशक ब्यौरे और संयंत्र संचालन पूर्व संभाव्यता रिपोर्ट को अन्तिम रूप देने में तथा परियोजना को शुरू करने और कार्य शुरू करने के लिए रूप रेखा तैयार करने में लगा हुआ है ।

(x) याचिकाकर्त्ता ने अपने तर्क में "संबद्ध पार्टियों" की परिभाषा के अर्थ को सीमित करने का प्रयास किया है और इस बात को स्वीकार करने में असमर्थ रहा है कि संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हो सकता है और आगे यह भी महसूस करने में असफल रहा है कि जब एक पक्ष कानूनी या प्रचालनात्मक तौर पर दूसरे के नियंत्रण या विनिर्देशन करने की स्थिति में हो तब पहले का दूसरे पर नियंत्रण माना जाता है । नियंत्रण का अर्थ है कि एक पार्टी कानूनी अथवा प्रचालनात्मक तौर पर दूसरी पार्टी पर नियंत्रण अथवा विनिर्देशन करने की स्थिति में है । समझौता ज्ञापन करने के तथ्य से यह बात बिल्कुल साफ तौर पर उजागर होती है कि प्रतिवादी निर्यातक नियंत्रण करने में सक्षम नहीं हो सकता है किन्तु वह याचिकाकर्त्ता को इस बात का निर्देश देने की स्थिति में निश्चित रूप से है कि वह समझौता ज्ञापन की विभिन्न शर्तों का अनुपालन करे और दर्ज याचिका के दस्तावेजों से इसका पता चलता है ।

(xi) दिनांक 31 अक्तूबर, 1998 को आयोजित मै. नोसिल की एक असाधारण बैठक मे एनपीएल के सदस्यों ने निदेशक मंडल की धारा 81(1क) के अन्तर्गत यह सहमति दी है कि मै0 सैल को वरीयता आधार पर शेयर आबंटित किए जाएँ जोकि दिनांक 4 सितम्बर, 2000 को याचिकाकर्त्ता द्वारा दायर दस्तावेजो से सामने आया है । इसके अतिरिक्त याचिकाकर्त्ता ने पृथक्करण की याचिका के लिए अपने शेयर धारको से पहले ही अनापत्ति प्रमाण-पत्र ले लिया है जो कि दिनांक 15 सितम्बर, 2000 को सुनवाई के लिए बम्बई उच्च न्यायालय में आ रहा है ।

उपरोक्त सभी कदमों से कानूनी रूप से पक्का संबंध बन गया है ।

(xii) पृथक्करण के लिए बम्बई उच्च न्यायालय में दायर याचिका की योजना के पैरा 5(क), (ख)6 और 7 के अनुसार जोकि मै0 नोसिल में मै0 सैल तथा मै0 मॉन्टेल द्वारा निवेश से संबंधित है, सेल ने अन्तरिम चरण (तय तारीख अर्थात 1.10.98 और "प्रभावी तिथि" अर्थात् बम्बई उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत के बीच चरण) के लिए मै. नोसिल में पहले से ही निवेश किया है ।

याचिकाकर्त्ता ने प्राधिकारी के समक्ष ईमानदारी नहीं दिखाई:

(i) याचिकाकर्त्ता ने प्राधिकारी के समक्ष ईमानदारी नहीं बरती क्योंकि उसने अपनी दायर पाटनरोधी याचिका में आवश्यक/संगत सामग्री को जानबूझकर और साच समझकर नहीं दिखाया है और न ही दे रहा है जबकि उसे सही सही पता था

इस प्रकार उसके द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना उसकी एक उल्लंघन या अनदेखी किए जाने की कार्यवाही है ।

(ii) माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने श्री एसपी चेंगलवरैया नायडू (मृत) के वकील बनाम श्री जगन्नाथ (मृत) के वकील एवं आदेश (1994)। एससीसी के मामले में निर्णय दिया है कि "अगर याचिकाकर्त्ता कोई लाभ प्राप्त करने के प्रयोजन से कुछ सामग्री और संगत सूचना को रोक लेता है तो वह धोखाधड़ी होगी और उससे प्राप्त किए गए लाभ से वंचित किया जाना चाहिए ।

याचिका दायर करने को प्रेरित किया गया है:

(i) याचिकाकर्त्ता ने मै0 सैल कैमिकल्स लि. के कहने पर वर्तमान याचिका दायर की है जिसका याचिकाकर्त्ता की कम्पनी में बहुत बड़ा हिस्सा है । याचिका के परिणामस्वरूप अगर याचिकाकर्त्ता के दावे को माना जाता है तो मै0 एक्सोन से आईपीए के आयातो पर पाटनरोधी शुल्क लगाना होगा जो कि विश्वभर में प्रतिवादी का प्रतिस्पर्द्धी है और प्रतिवादी को सीधे लाभ प्रदान किया है और वह याचिकाकर्त्ता का एक प्रस्तावित शेयर धारक है ।

सैल-कैमिलक्स-एक निगमित उद्यम है

मै0 एक्सोन ने मै0सैल कैमिकल्स के एक निगम का उद्यम बताते हुए विभिन्न साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं और तदनुसार मै0 सैल कैमिकल्स लि. और मै0 सैल सिंगापुर इत्यादि सभी एक निगमित उद्यम हैं।

सम्बंधों के मुद्दे पर निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा लिए गए दो पूर्ववर्त्ती निर्णय:

रूस, कजाकिस्तान तथा उक्रेन से हॉट रोल्ड कायल्स/शीट्स/प्लेटस/स्ट्रिप्स के मामले में और जापान, कोरिया तथा चीन से सिलाई की सुईयों के मामले में याचिकाकर्त्ता को घरेलू उद्योग के दायरे से तब बाहर कर दिया गया था जब उनका किसी निर्यातक से संबंध होना प्रमाणित हो गया था ।

नया प्रतिष्ठान (एन पी एल) आई पी ए का विनिर्माण नहीं करेगा

यह प्रश्न कि नया प्रतिष्ठान आई पी ए का विनिर्माण नहीं करेगा, असंगत है । यहां देखने वाली व सिद्ध करने वाली बात यह है कि क्या वे संबद्ध पार्टी हैं अथवा नहीं और क्या वे एक-दूसरे के ऊपर नियंत्रण रखने की स्थिति में हैं । पार्टियों के बीच के संबंध को एक विशेष उत्पाद की तुलना में नहीं जाना जा सकता है, लेकिन समग्र रूप में उक्त संबंध को प्रमाणित करना होता है और देखना होता है जैसा कि पाटनरोधी नियम, 1995 के नियम 2(ख) के स्पष्टीकरण में निर्दिष्ट है।

7. **लिखित निवेदनों पर मैसर्स नोसिल का जवाब**

(i) मैसर्स एक्सोन के लिखित निवेदनों में समाचार पत्रों की कुछ रिपोर्टों पर दृढ़ता से विश्वास किया गया है । निवेदन है कि समाचार पत्रों की रिपोर्टों को किसी वक्तव्य/प्रकथन/विवाद के समर्थन में सिद्धांततः साक्ष्य के रूप में नहीं माना जा सकता है ।

(ii) मैसर्स नोसिल ने इस योजना से उत्पन्न होने वाली अथवा इस योजना से जुड़ी किसी भी प्रकार की निधियां/धनराशियां, किसी भी रूप में मै0 शैल/मोनटेल से प्राप्त नहीं की है ।

(iii) मैसर्स एक्सोन का यह आरोप कि मैसर्स नोसिल माननीय प्राधिकारी के समक्ष ईमानदारी से पेश नहीं हुआ है, पूर्ण रूप से निराधार आरोप है । यह धारणा कि याचिका दायर करते समय मैसर्स नोसिल शैल के साथ अपने संबंधों के स्वरूप को स्पष्ट करने में विफल रहा है और उसके प्रकटन से बचा है, आधारहीन है क्योंकि मैसर्स नोसिल का मूल निवेदन और उसका तर्क, जो अभी भी दृढ़तापूर्वक कायम हैं, यह है कि न तो वास्तविक तौर पर और न ही सिद्धांत रूप में मैसर्स नोसिल का सिंगापुर के मै0 शैल और नीदरलैंड के शैल दोनों निर्यातक कंपनियों के साथ कोई संबंध नहीं है ।

(iv) बिना निष्कर्ष के यह मान लेना कि मैसर्स नोसिल यू. के. के मै0 शैल से जुड़ी है, इससे संभवतः यह नहीं कहा जा सकता कि मैसर्स नोसिल सिंगापुर के शैल या नीदरलैंड के शैल से जुड़ी है, जो कि निर्यातक कंपनियां हैं और जो समग्र रूप से अलग और भिन्न कारपोरेट प्रतिष्ठान है । अलग होने का आरोप केवल मैसर्स नोसिल के खिलाफ लगाया जा सकता है अगर मैसर्स नोसिल एक या इससे ज्यादा निर्यातक कंपनियों से जुड़े होने के विवाद में हैं। बेईमानी या सद्भाव में कमी का आरोप मैसर्स नोसिल के खिलाफ लगाना संभव नहीं हो सकता है, चाहे उसकी सभी कानूनी दलीलें और तर्क, किसी भी कारण से अस्वीकार कर दी गई हों ।

(v) मौजूदा मामले में, मैसर्स नोसिल और मै0 शैल के बीच तथा कथित संबंध एक तथ्य नहीं है यह एक ऐसी उच्च स्तर की कानूनी उलझन है जिसके बारे में सही स्थिति का तब तक नहीं पता चल सकता जब तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले पर अंतिम रूप

से निर्णय नहीं ले लिया जाता, क्योंकि इस मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का कोई निर्णय नहीं है जिसे संगत कानूनी स्थिति और शामिल मुद्दों के रूप में माना जाए । इसके फलस्वरूप, संभवतः न तो निश्चयपूर्वक यह कहा जा सकता कि मैसर्स नोसिल ने अपने को स्वतः मै0 शैल से जुड़ा घोषित न करते हुए, उन्होंने कोई संगत या वास्तविक तथ्यों को छिपाया हे और न ही संभवतः यह सुझाव दिया जा सकता है कि मैसर्स नोसिल ने यह सब किसी अनुचित या समानान्तर उद्देश्य से किया है । मैसर्स नोसिल ने यह उल्लेख किया है और प्रमाणित किया है कि उसे मैसर्स एक्सोन द्वारा भारत मे आई पी ए का पाटन किए जाने के कारण न केवल भारी क्षति उठानी पड़ी है जैसा कि सिंगापुर और नोदरलैंड के शैल ने आरोप लगाया है, अपितु इसके परिणामस्वरूप मैसर्स नोसिल को अपनी कीमतों को कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा है जिसके कारण भारी घाटा हुआ है ।

(vi) मैसर्स एक्सोन स्वाभाविक रूप से पाटनरोधी जांच को शुरू में ही खत्म करने को बहुत उत्सुक है क्योंकि जो जानकारी माननीय प्राधिकारी की फाईल में पहले से ही मौजूद है, यह बात बिना किसी शंका के यह प्रमाणित करती है कि मैसर्स एक्सोन भारत मे बड़े स्तर पर पाटन में लगा हुआ है ।

(vii) मैसर्स नोसिल के इस मूल निवेदन पर भेदभाव किए बिना कि उसका मै0 शैल से कोई संबंध नही है, मैसर्स नोसिल का यह भी मौलिक तर्क रहा है कि अगर मैसर्स नोसिल को किसी कारणवश, सिंगापुर के शैल और नोदरलैंड के शैल निर्यातक कंपनियों, से जुड़ा पाया जाता है, तब भी संशोधित नियम 2 (ख) के तहत, माननीय प्राधिकारी के पास पूर्णतः विवेकाधिकार है कि वह मैसर्स नोसिल को पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग से बाहर नहीं रखेंगे ।

(viii) मैसर्स एक्सोन का वह निवेदन जिसमें न्यायालय के फैसले तथा मामला संबंधी कानूनों और मैसर्स नोसिल द्वारा यू एस ए, ई यू और न्यूजीलैंड से प्राप्त सूचना के आधार पर भरोसा किए जाने की अनदेखी करने की बात की गई है । वह केवल उन्हीं मामलों में की जाती है जहां घरेलू उद्योग में एक से ज्यादा उद्योग शामिल हैं और किसी भी मामलों में ऐसी कोई स्थिति नहीं आई है जहां केवल एक घरेलू उद्योग हो, जैसा कि मौजूदा मामले मे है । जिस मौलिक आधार और तर्क, के पक्ष में निर्देश देने तथा संबंधित घरेलू उत्पादकों को अलग नहीं रखने के लिए कभी-कभी विश्वास किया जाता है, वह यह था कि इससे किसी भी रूप में पाटनरोधी जांच को नुकसान नहीं होगा या वह नष्ट अथवा बाधित नहीं होगी ।

(ix) मैसर्स एक्सोन द्वारा उल्लिखित दो मामले, जिनमें प्राधिकारी निर्यातक से जुड़े पाए गए घरेलू उद्योग को बाहर रखने का निर्णय ले चुके हैं, नियम 2 (ख) के संशोधन से पहले की अवधि से संबंधित मामले हैं, जिनमें निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कभी भी अपने विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं किया है ।

8. **मैसर्स एक्सोन द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर**

(i) मैसर्स नोसिल और मै0 शैल के बीच के संबंध, जो अब पर्याप्त रूप से वाणिज्यिक स्थिति ग्रहण कर चुके हैं, निश्चित रूप से दोनों पार्टियों के हित में है । दिनांक 30.9.1998 के उपरोक्त समझौता ज्ञापन का पूर्णतः कार्यान्वयन होने पर, मै0 शैल का बढ़ती हुई घरेलू उत्पादन क्षमता से लाभ पाना निश्चित है । इस प्रकार जांच के अधीन उत्पाद के निर्यात से उत्पन्न प्रतिस्पर्धा को खत्म करते हुए, मै0 शैल मसर्स नोसिल के साथ मिलकर भारतीय बाजार में एकाधिकार प्राप्त कर लेंगे । इससे केवल मै0 शैल और मैसर्स नोसिल को लाभ पहुँचेगा जो कि सार्वजनिक नीति के सभी पहलुओं के विपरीत है और सार्वजनिक हित का उल्लंघन भी है । आगे यह कहा गया है कि मै0 शैल के अधिकारी जो फिलहाल मैसर्स नोसिल के साथ हैं, उनका मैसर्स नोसिल पर पर्याप्त प्रशासनिक और संचालनात्मक नियंत्रण है और इस कारण से भी मैसर्स नोसिल घरेलू उद्योग के लिए पात्र नहीं है ।

(ii) मैसर्स नोसिल का यह तर्क कि मैसर्स एक्सोन पाटन कर रहा है, झूठ है और इसे अस्वीकारा गया है । वस्तुतः मैसर्स एक्सोन सभी कानूनी और वैध जांच का अनुपालन करने के लिए बाध्य है, जिसका अनुपालन, अन्य बातों के साथ-साथ, मैसर्स एक्सोन द्वारा किए गए निर्यातों के खिलाफ निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भी किया जा सकता है । निवेदन किया जाता है कि मैसर्स एक्सोन ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के नोटिस में कुछ ऐसी जानकारी और असुविधाजनक तथ्य लाए हैं जिन्हें अब तक मैसर्स नोसिल द्वारा छिपाया गया है ।

(iii) मैसर्स नोसिल द्वारा किए गए अपने इस आशय के निवेदनों के जवाब में कि यह पाटन मार्जिन, क्षति और कारणात्मक संबंध का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य हैं, मैसर्स नोसिल के एक घरेलू उद्योग होने के मुद्दे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । जांच फिलहाल शुरूआती चरण में है और शुरू होने वाली जांच के लिए कुछ मूल संघटकों को जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, मैसर्स नोसिल को घरेलू उद्योग के रूप में प्रमाणित करना भी शामिल है, पूरा किया जाना है ।

(iv) यू एस ए और ई यू के पाटनरोधी नियमों के तहत हमेशा से यह प्रणाली रही है कि एक व्यक्ति, जिसे निर्यातक के साथ संबंध रखने से लाभ पहुँचा है, पाटनरोधी कार्यवाहियों का लाभ लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और उसे घरेलू उद्योग के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए । मौजूदा मामले में यह निवेदन किया गया है कि पाटनरोधी नियमों के बहाने से मैसर्स नोसिल और मै0 शैल भारतीय बाजार में जांच के अधीन उत्पाद के संबंध में एकाधिकार की स्थिति को बनाए रखने और उसे पक्का करने के इच्छुक हैं ।

(v) नम्र निवेदन यह है कि दिनांक 30.9.98 के समझौता ज्ञापन को पहले ही कार्यान्वित किया जा रहा है और पृथक हुई पैट्रोकेमिकल इकाई इक्विटी शेयर प्राप्त करने के लिए मै0 शैल को सक्षम बनाने के प्रयोजन से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली पार्टियों द्वारा पर्याप्त प्रचालानात्मक और वाणिज्यिक कदम उठाए जा रहे हैं । यह रिपोर्ट मिली है कि पूर्व

में मै0 शैल द्वारा यथा सहमत इस परियोजना का आधुनिकीकरण करने के लिए सभी सरकारी स्वीकृतियां प्राप्त हो गई थीं । इस एकल अविवादित तथ्य से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि मैसर्स नोसिल और मै0 शैल के बीच के संबंधों में समझौता ज्ञापन से सभी अधिक प्रगति हुई है और पृथक करने की योजना को प्रभावी बनाने और मै0 शैल में पृथक हुए उद्यमों को शामिल करने की सभी पूर्व शर्तों का पहले ही अनुपालन किया गया है । इस समय यह मामला बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है जो इस योजना को अपनी मंजूरी देगा और शैल में उद्यमों के विलय के बारे में आदेश जारी करेगा । यह भी अनुरोध है कि जो समझौता ज्ञापन तैयार किया गया था उससे दोनों पक्षों के बीच कानूनी बाध्यकारी संबंध बन गए हैं और इसलिए मैसर्स नोसिल मै0 शैल से संबंधित एक पक्ष है । यह भी अनुरोध किया जाता है कि पृथक हुई इकाई में मै0 शैल द्वारा किस समय हिस्सेदारी प्राप्त की जाएगी यह अभी तय नहीं हुआ है । वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए ये तथ्य पर्याप्त हैं कि क्या सह निर्णय ले लिए जाए कि मैसर्स नोसिल के मै0 शैल के साथ वाणिज्यिक और प्रचलानात्मक संबंध हैं । साक्ष्यों एवं माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास दर्ज अन्य दस्तावेजों से यह पूर्णतः स्पष्ट है कि मै0 शैल और मैसर्स नोसिल के बीच पर्याप्त वाणिज्यिक एवं प्रचलनात्मक संबंध है जिससे घरेलू उद्योग के रूप में मैसर्स नोसिल की दावेदारी की पात्रता समाप्त हो जाती है ।

(vi) दिनांक 30.9.98 के समझौता ज्ञापन पर दोनों पक्षों द्वारा पर्याप्त रूप से कारवाई की गई है और पृथक हुई इकाई पर नियंत्रण प्राप्त करने की दृष्टि से मै0 शैल द्वारा मिलियन रूपयों में पर्याप्त निवेश पहले ही किया जा चुका है । इसके अलावा, मै0 शैल के अधिकारी जो फिलहाल मैसर्स नोसिल में तैनात हैं इस समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन पर निगरानी रख रहे हैं । इसलिए मैसर्स नोसिल द्वारा यह कहने के लिए एक मात्र तकनीकी आपत्ति है कि निदेशक मंडल से सहमति प्राप्त की जानी है । यह कहना कि निदेशक मंडल इस तथ्य से अवगत नहीं है अथवा और इस घटनाक्रम पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है, गलत है और इसलिए यह अतार्किक प्रतीत होता है ।

(vii) चूँकि विचाराधीन उत्पाद पैट्रोकैमिकल विभाग का एक हिस्सा है इसलिए उसका उत्पादन मै0 शैल नियंत्रित पृथक हुए एकक द्वारा किया जाएगा । अतः मैसर्स नोसिल के साथ-साथ मै0 शैल भी इस प्रकार पृथक हुए पैट्रोकेमिकल प्रभाग पर नियंत्रण रखेगा । "संबंधित सेवाओं का निर्धारण करने हेतु जांच निम्नलिखित सिद्धांतों के आधार पर की गई है:-

i जब एक का दूसरे पर प्रचलनात्मक नियंत्रण हों;
ii जब दोनों मिल कर एक-तीसरी इकाई पर नियंत्रण रखते हों, और
iii जब दोनों किसी तीसरे पक्ष द्वारा साथ-साथ नियंत्रित होते हों ।

किसी भी हालत में, उपरोक्त (ii) में निर्धारित सिद्धांत स्पष्ट तौर पर लागू होते हैं क्योंकि पृथक हुई इकाईयों को दोनों एककों नामतः मैसर्स नोसिल और मै0 शैल, द्वारा नियंत्रित किया जाएगा । इसलिए, किसी भी हालत में मैसर्स नोसिल को संबंधित पार्टी होने के कारण, घरेलू उद्योग के दायरे से बाहर रखा जाना है ।

(viii) मैसर्स नोसिल के लिए यह तर्क प्रस्तुत किया जाना पूर्णतः असंगत है कि दिनांक 30.9.98 के समझौता ज्ञापन के अनुसरण में अलगाव की योजना परिस्थितियों के तहत पहले ही बनाई जा चुकी है और मुम्बई उच्च न्यायालय में इसे दायर कर दिया गया है, समझौता ज्ञापन पर पर्याप्त रूप में वाणिज्यिक रूप में कार्रवाई की गई है और इससे इसे एक संविदा का कानूनी दर्जा प्राप्त हो चुका है जिसके लिए अवधारणा यह होगी कि मै0 शैल पृथक किए गए उद्यम में हिस्सेदारी करेगी ।

(ix) नम्र निवेदन है कि यह तथ्य मै0 शैल के दो अधिकारी, जो फिलहाल मैसर्स नोसिल के लिए कार्य कर रहे हैं और जो मै0 शैल के वेतन चिठ्ठे पर हैं, मै0 शैल और मैसर्स नोसिल के बीच गहरे वाणिज्यिक संबंधों को स्पष्ट तौर पर सिद्ध करते हैं । जैसा कि इसमें पहले भी उल्लेख किया गया है कि उक्त दो अधिकारी दिनांक 30.9.98 के समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन पर निगरानी रख रहे हैं और इसके तहत दावों को तैयार करते हुए, मैसर्स नोसिल के कार्यों पर पर्याप्त प्रचलनात्मक एवं अन्य नियंत्रण रख रहे हैं । तर्क के लिए यह भी मान लिया जाए कि मैसर्स नोसिल के तर्क के अनुसार समझौता ज्ञापन पर कार्रवाई शुरू करने में अभी अनेक शर्तों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है, फिर भी यह विचार करने की बात है कि मै0 शैल के दोनों कर्मचारियों को किस प्रयोजन के लिए मैसर्स नोसिल में इतने समय बाद अब भी क्यों रखे हुए हैं ।

(x) यह निवेदन है कि पाटनरोधी जांच, जैसा कि मैसर्स नोसिल ने लिखित निवेदनों में भी माना है, देश-विशिष्ट होती है न कि निर्यातक विशिष्ट । इसलिए मै0 शैल के उद्यम को किसी भी हालत में मौजूदा जांच के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता है । इसलिए मैसर्स नोसिल का प्रयास अपनी जरूरत के अनुसार है ।

